Bareilly, Thursday,
13 August 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Middle

# एसआरएमएस में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आरंभ



एसआरएमएस में लगे कैंसर स्क्रीनिंग कैंप में जांच करते डॉक्टर.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (12 Aug):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से आजादी के पर्व पर 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' नाम से तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है. पहले दिन बुधवार को कैंप में 100 से ज्यादा लोग पहुंचे और स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग कराई. मैमोग्राफी, एक्स रे चेस्ट, अल्ट्रासाउंड ब्रेस्ट, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, अल्ट्रासाउंड टीवीएस, एस पीएसए, एचपीवी डीएनए, सीबीसी, एलबीसी और ऑकल्ट ब्लड स्टूल की फ्री जांच के बाद रिपोर्ट में 50 मरीज संदिग्ध मिले. ऑन्कोलॉजिस्ट डा.अरविंद चौहान ने ओरल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया और परिचर्चा में इसके लक्षण, कारण और बचाव के उपाय बताए. एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट की ओर से 12 से 14 अगस्त तक संचालित तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 'कैंसर से आजादी' आयोजित किया जा रहा है. कैंसर विभाग में सुबह 9 बजे स्क्रीनिंग कैंप आरंभ हुआ. कैंसर विशेषज्ञ डा.पियूष कुमार, डा.मनोज कुमार टांगड़ी, डा.शुभांशु गुप्ता, डा. अदादि श्रीनिवास नायडु, डा. हिमांशी खट्टर और डा. दिशा सत्या ने परामर्श दिया.